हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live

वर्ष : 01 अंक–241 : जौनपुर, बुधवार 31 मई 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## विकास की जिम्मेदारी सबकी –डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक

सुल्तानपुर ब्यूरो : डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जिले की सुस्त कार्यप्रणाली पर फटकार लगाते हुए योजनाओं को बेहतर ढंग से अनुपालन का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस लाइन सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की। कहा कि सुल्तानपुर को बेहतर बनाना सभी का दायित्व है। सोमवार सुबह सवा आठ से सवा नौ बजे तक चली बैठक में उन्होंने अधिकारियों को सक्रिय रहने का निर्देश दिया। बैठक के बाद वह मेडिकल कॉलेज परिसर पहुंचे। जहां आपातकालीन विभाग में भर्ती मरीजों का हाल पूछा। इसके बाद मेडिकल कॉलेज के महिला अस्पताल में निर्माणाधीन भवन के बारे में लोनिवि अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा, विधायक सदर राज प्रसाद उपाध्याय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन अग्रवाल, पूर्व विधायक देवमणि द्विवेदी, डीएम जसजीत कौर, सीडीओ अंकुर शर्मा, सीएमओ डॉ डीके त्रिपाठी व सीएमएस डॉ. सलिल आदि मौजूद थे। 2047 में दुनिया की तीसरी बड़ी शक्ति होगा भारत डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने मेडिकल कॉलेज का दौरा करते हुए कहा कि 2047 में जब हम आजादी के 100 वर्ष मना रहे होंगे तब आर्थिक दृष्टि से दुनिया की तीसरी बड़ी शक्ति भारत होगा। उन्होंने कहा कि अभी तक भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी शक्ति है। तीसरी बड़ी शक्ति बनाने के लिए हम सारी योजनाएं धरातल पर उतार रहे हैं। गरीब कल्याण



योजनाएं जन–जन तक पहुंची हैं इससे लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आया है। रेडियोलॉजिस्ट का सवाल टाल गए स्वास्थ्य मंत्री मेडिकल कॉलेज भ्रमण के दौरान मीडिया ने जब रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने का सवाल डिप्टी सीएम से पूछा तो वह इसे टाल गए। कहा कि बहुत जल्दी रेडियोलॉजिस्ट मिलेगा। भाजपा के घर–घर जाने के महासम्पर्क अभियान के सवाल पर डिप्टी सीएम ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र के नौ वर्ष सफलता पूर्वक पूरा करने पर घर–घर जन–जन तक पहुंचेगे। संपर्क अभियान के साथ जनसभाएं भी होगी। नरेंद्र मोदी की वजह से दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है।

## लारी कॉर्डियोलॉजी में वार्ड ब्यॉय पर नर्स को पीटने का आरोप : आक्रोशित नर्सों ने किया प्रदर्शन

लखनऊ ब्यूरो : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के लारी कॉर्डियोलॉजी विभाग में एक वॉर्ड पर स्टॉफ नर्स ने अभद्रता तथा पीटने का आरोप लगाया है। घटना के बाद सभी नर्स आक्रोशित हो उठीं तथा लारी कॉर्डियोलॉजी परिसर में प्रदर्शन किया। नर्स का कहना है कि यह घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड है, इसके बावजूद केजीएमयू प्रशासन घटना की अनदेखी कर रहा है। आक्रोशित नर्स इस मामले में लामबंद हो गई हैं तथा संविदा के आधारित पर कार्यरत इस कर्मी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रही हैं। केजीएमयू में कार्यरत स्टाफ नर्स प्रियंका चौधरी ने अपनी शिकायत में कहा है कि राजन नाम का वार्ड ब्वॉय आए दिन उससे बदतमीजी और अश्लील कमेंट करता था। मंगलवार रात को उसने अभद्रता की और उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि वार्ड ब्यॉय ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। यह घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन इस मामले में शांत बैठा हुआ है। घटना के विरोध में बुधवार रात को नर्स ने काम बंद करके प्रदर्शन किया। इसकी वजह से कुछ हद तक मरीज भी परेशान हुए। प्रशासन ने उनको समझा–बुझाकर शांत करा



दिया। बुधवार को यह मामला और गर्मा गया। नर्सिंग एसोसिएशन के पदाधिकारी जितेंद्र उपाध्याय समेत अन्य नर्स लारी पहुंच कर वार्ड ब्वॉय के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करने लगे। पीड़िता ने इस मामले में चौक कोतवाली में भी तहरीर दी है। वहीं केजीएमयू के प्रवक्ता प्रो. सुधीर सिंह ने इस मामले में जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की बात कही है। उनके अनुसार इस मामले में दोनों पक्ष को सुना जा रहा है इसके बाद ही कोई फैसला किया जाएगा।

## महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बिन्दु होगा डिजिटल कुंभ म्यूजियम

लखनऊ ब्यूरो : महाकुंभ 2025 को लेकर प्रदेश सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में प्रयागराज में डिजिटल कुंभ म्यूजियम का निर्माण कराया जाएगा। 60 करोड़ की लागत से बनने वाला यह डिजिटल कुंभ म्यूजियम श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र होगा। म्यूजियम में देश और प्रदेश की संस्कृति के अलावा महाकुंभ के पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थलों के दर्शन होंगे। पर्यटन विभाग की ओर से इसका प्रस्ताव हाल ही में मुख्य सचिव के सामने प्रस्तुत किया गया है। प्रस्ताव के अनुसार म्यूजियम में ऑडियो–वीडियो की भी सुविधा होगी। इसमें आध्यात्मिक व कुंभ मेला, इंटरप्रटेशन गैलरी, समुद्र मंथन गैलरी और अखाड़ा गैलरी शामिल है। म्यूजियम में फूड प्लाजा और महाकुंभ से संबंधित साहित्य भी होगा। वहीं कल्चरल हाट (अक्षयवट), म्यूजियम, गैलरी व थिएटर (अमृत कलश) के साथ ही गेस्ट हाउस जैसी सुविधाएं भी होंगी। म्यूजियम में तीन नदियों (गंगा, यमुना और सरस्वती) को तीन अलग रंगों के माध्यम से दिखाया जाएगा, जो एनिमेटेड फ्रैकटल ज्योमेट्री



के आधार पर होगा, इसमें स्टेटिक ग्राफिक का भी प्रयोग होगा। यहां प्रयागराज के इतिहास के साथ ही आधुनिक शहर के बारे में भी बताया जाएगा। विकास कार्यों पर 300 करोड़ होगा खर्च महाकुंभ में पर्यटन विभाग हनुमान मंदिर, भारद्वाज आश्रम, द्वादश माधव मंदिर, नागवासुकी मंदिर, दशाश्वमेध मंदिर, मनकामनेश्वर मंदिर, अलोपशंकरी मंदिर, पडिला महादेव मंदिर के सौंदर्यीकरण व फ्लोटिंग जेटी, रेस्टोरेंट का निर्माण प्रस्तावित है। इसके साथ ही राही इलावर्त होटल में फसाड लाइटिंग, त्रिवेणी दर्शन में 18 नए कमरे, मुख्य मार्गों पर तीन प्रवेश द्वारों की मरम्मत व सौंदर्यीकरण का भी प्रस्ताव है। समस्त विकास कार्य पर 300 करोड़ के खर्च होने का प्रस्ताव है।

## पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होगा विशेष प्रशिक्षण शिविर –डॉ ध्रुवराज योगाचार्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत की प्राचीनतम विद्या योग जिसे पुरा विश्व अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में 21 जुन को मनाता है! यमदग्नि ऋषि की तपोभूमि जनपद जौनपुर को योग मय बनाने के लिए संकल्पित योग गुरु डॉ ध्रुवराज व अमरनाथ योगी के सोजन्य से राम मनोहर लोहिया पार्क में प्रातः काल 05 बजे से 06:30 बजे तक बुधवार से 4 जून तक विश्व योग दिवस पर विशेष ध्यान योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है! आज का क्रियात्मक योगाभ्यास डॉ ध्रुवराज योगाचार्य के द्वारा विश्व योग दिवस पर करने वाले विशेष आसान ताडासन, वृक्ष आसन, ध्रुव आसान, गरूड़ आसन, गर्दन का सुक्ष्म अभ्यास, मण्डूक आसन, वक्र आसन, पुर्ण चक्रासन, भुजंग आसन, शलभासन, धनुष आसन, नौकायन आसन, पवन मुक्त आसन, भत्रिका,कपाल भाति, अनुलोम–विलोम, भ्रामरी व ओम् के उच्चारण का अभ्यास कराया गया! अमरनाथ योगी ने कहा कि यदि देश के सभी नागरिकों को योगाभ्यास कराया जाए तो दवाई का आधा व्यय कम हो जाये गा! राम मनोहर लोहिया पार्क में



टहलने वाले सभी भाईयों और बहनों ने उत्साह पुर्वक प्रतिभाग किया! इस अवसर पर रविन्द्र प्रताप सिंह, राम प्रताप सिंह, सरवेन्द्र सिंह, माधुरी सिंह, सुर्य प्रकाश मिश्र, अरविंद यादव, छोटेलाल मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे!

## जमीनी विवाद में युवक की हत्या मौके पर भारी पुलिस बल तैनात : क्षेत्राधिकारी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरपतहां थाना क्षेत्र के अमावांकला गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े एक की हत्या एक नाबालिक युवती घायल मौके पर भारी पुलिस बल तैनात गांव में तैनात है परिजनों कोहराम मचा हुआ है। सरपतहां थाना क्षेत्र के अमावांकला निवासी रामजीत पुत्र बचाई पाल व अशोक कुमार पुत्र राम प्यारे पाल के बीच करीब 8 माह से आबादी व ग्राम समाज की जमीनी को लेकर विवाद चला आ रहा था। जिसको लेकर स्थानीय थाने पर कई बार पंचायत भी हो चुकी थी परंतु स्थानीय पुलिस मामले का कोई स्थाई समाधान नहीं निकाल सकी थी जिसको लेकर मंगलवार विवादित जमीन पर पानी गिराने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए आरोप है कि रामजीत पाल ने लाठी से अशोक कुमार पाल 45 के सर में मारा चोट लगते ही जमीन पर गिर गये। जिससे मौके पर ही मौत हो गई।वही मारपीट के दौरान नाबालिग युवती मोनिका पुत्री अशोक कुमार पाल 14 घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव



को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस तैनात कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए भागदौड़ शुरू कर दिया। इस मामले में थानाध्यक्ष ने कहा कि परिवार द्वारा तहरीर देने पर मुकदमा पंजीकृत कर दिया जाएगा। सभी लोग परिवार के पोस्टमॉर्टम आदि में लगे हैं कल आने की बात है।फिर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## सरकारी जमीन बेचने में फंसे पांच पीसीएस अफसर : भूमाफिया को बेच दिया 110 बीघा सरकारी जमीन

लखनऊ ब्यूरो : डिफेंस कॉरिडोर और ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण इकाई के लिए पहचान बन चुके सरोजनीनगर के भटगांव के राजस्व रिकॉर्ड में हेरफेर कर करीब 110 बीघा सरकारी जमीन भू–माफिया को बेच दिए जाने के मामले में 35 अधिकारियों–कर्मचारियों की गर्दन फंस गई है। जिला प्रशासन ने जांच के बाद कार्रवाई के लिए शासन को इनके नाम भेजे हैं। वर्ष 2020 से 2022 के बीच सरोजनीनगर में इन अधिकारियों–कर्मचारियों की तैनाती रही और जमीन बेचने में इनकी सांठगांठ सामने आई है। जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शासन से जमीन घोटाले में शामिल रहे लोगों के नाम मांगे गए थे। इनकी सूची तैयार कर भेज दी गई है। इस घोटाले में पांच पीसीएस अफसरों के साथ ही लेखपाल, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, बाबू, रिकॉर्ड रूम केयर टेकर दोषी पाए गए हैं। दोषी पाए गए एसडीएम व एसीएम के खिलाफ कार्रवाई शासन से होनी है। हालांकि, जिन पांच अफसरों के नाम भेजे गए हैं, उनमें से दो ने कहा है कि उनकी तैनाती बहुत थोड़े दिनों के लिए हुई थी। दोनों ने यह भी कहा है कि तैनाती के दौरान जमीन से जुड़ी किसी फाइल पर उन्होंने कोई अनुमोदन नहीं किया था। इन दलीलों के साथ उन्होंने नियुक्ति विभाग में अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। जिला प्रशासन के अधिकारियों के मुताबिक जांच में दोषी पाए गए एसडीएम व एसीएम स्तर के पीसीएस अफसरों के खिलाफ कार्रवाई नियुक्ति विभाग से होनी है। वहीं,



लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार के खिलाफ राजस्व परिषद से कार्रवाई होगी। इसकी जांच प्रयागराज मंडलायुक्त को दी गई है। वहीं बाबू, रिकॉर्ड रूम केयर टेकर के खिलाफ कार्रवाई जिला प्रशासन खुद करेगा। यह कार्रवाई राजस्व परिषद की कार्रवाई पर निर्भर करेगी। अब शासन के निर्देश पर सभी आरोपियों को चार्जशीट दी जाएगी। इसपर वे अपना पक्ष रख सकेंगे। जानिए क्या है पूरा मामला सरोजनीनगर के भटगांव में 52 किसानों को 110 बीघा जमीन पट्टे पर दी गई। हैरत की बात यह है कि इन किसानों के पक्ष में रिकॉर्ड में कोई पट्टा आदेश नहीं होने के बाद भी सांठगांठ से इन जमीनों को असंक्रमणीय से संक्रमणीय में दर्ज कर दिया गया। इसके बाद यह जमीनें भू–माफिया को बेच दी गईं। डिफेंस कॉरिडोर आने पर यूपीडा से भारी भरकम मुआवजा भी भू–माफिया ने ले लिया। डिफेंस कॉरिडोर और ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण इकाई आने के बाद यहां जमीन की कीमतें बढ़ीं। जून 2022 में तत्कालीन डीएम अभिषेक प्रकाश ने इसी मामले में राजस्व निरीक्षक जितेंद्र सिंह को निलंबित करते हुए तहसील के सभी कर्मचारियों का तबादला कर दिया था।


### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट www.Desh ki upasana.com का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - dku live सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक


## ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल के उपलक्ष्य में भंडारे का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सरदार भगत सिंह कॉलेज ऑफ हायर एजूकेशन अ यूनिट आफ अवध कॉलेजिएट के प्रांगण में ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी अतिथियो के साथ विद्यालय के अध्यक्ष सर्वजीत सिंह, निर्देशिका जतिंदर वालिया एवं संयुक्त निर्देशिका डॉक्टर ब्रह्मजोत कौर एवं कई स्कूलों के प्रबंधक व प्रधानाचार्या ने हनुमान जी के भव्य मंदिर में पूजा अर्चना करके , आरती एवं हनुमान चालीसा के साथ भंडारे का शुभारम्भ किया।इस अवसर पर अवध कॉलेजिएट की सभी शाखाओं की प्रधानाचार्या , उप प्रधानाचार्या एवं शिक्षक भी उपस्थित रहे। सभी ने इस पूजा अर्चना में श्रद्धा भाव से हिस्सा लिया एवं प्रसाद ग्रहण किया। सभी इस शुभ दिन पर आनंद विभोर हो गए।



## छात्रवृत्ति के लिए विदुषी का चयन



जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : जिले के त्रिलोचन महादेव की निवासिनी विदुषी वर्मा का चयन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तहत सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। संपूर्ण भारत से चुने गए प्रतिभागियों में विदुषी का चयन भारतीय शास्त्रीय संगीत (गायन) में हुआ है। जबकि संपूर्ण उत्तर प्रदेश से सिर्फ दो प्रतिभागियों को गायन में चुना गया है। विदित हो कि पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ द्वारा भी विदुषी को पुरस्कृत किया गया था। विदुषी सनबीम इंग्लिश स्कूल भगवानपुर ,वाराणसी में कक्षा 11वी की छात्रा है। ख्यातिलब्ध शास्त्रीय गायक पं. देवाशीष डे से विदुषी गायन का शिक्षा– दीक्षा ले रही है।

## 'ये राजीव गांधी की नहीं मोदी की सरकार है' –कैबिनेट मंत्री स्मृति

रायबरेली ब्यूरो : केंद्रीय मंत्री एवं अमेठी सांसद स्मृति ईरानी बुधवार को छतोह ब्लाक के गांवों में पहुंची तो उनके सामने समस्याओं की झड़ी लग गई। किसी ने आवास तो किसी ने विधवा, वृद्धा पेंशन, किसान सम्मान निधि और रास्ते का विवाद सहित अन्य समस्याएं उठाईं। मंत्री ने सबकी समस्याएं सुनी और अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। केंद्रीय



मंत्री स्मृति ने बाबा ढाकुदास आश्रम पर आयोजित भण्डारे में शामिल होकर लोगों को प्रसाद बांटा और फिर खाया भी। उन्होंने कहा कि तालाब का सौन्दरीकरण कराया जाएगा। आश्रम के पुजारी बाबा महंत लाल कुंदीश की मांग पर केन्द्रीय मंत्री ने जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव से जल्द ही तालाब के सौंदर्यीकरण कराने का निर्देश दिया साथ ही बैठने व शुद्ध पेयजल की भी व्यवस्था करने के लिए कहा। ग्रामीणों के खराब नल मरम्मत कराने की मांग पर स्मृति ईरानी ने कहा कि यह राजीव गांधी का समय नहीं है अब मोदी सरकार है। घर–घर पानी पहुंचाया जा रहा है। किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष शिव बहादुर ने छतोह ब्लाक क्षेत्र की विभिन्न समस्याओ को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने कहा इंडिया मार्का हैंडपंप खराब है। इनकी मरम्मत कराने की मांग पर हंसते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा की यह राजीव गांधी का समय नहीं है। अब मोदी की सरकार है जल मिशन योजना के तहत घर–घर पानी पहुंचाया जा रहा है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जो दूसरो को जानता है वह बुद्धिमान है, जो स्वयं को जानता है वह ज्ञानवान है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# हरिवंश ने नीतीश को जता दिया पार्टी से ऊपर है राष्ट्रधर्म

हरिवंश को जदयू ने साल 2014 में अपने कोटे से राज्यसभा भेजा था। हरिवंश अपनी काबिलियत के बल पर उपसभापति की कुर्सी पर बैठे। उस वक्त जदयू ने इसे अपनी पार्टी के लिए गर्व और सम्मान के रूप में देखा था।

राज्यसभा के उपसभापति और वरिष्ठ पत्रकार हरिवंश नारायण सिंह को लेकर हलचल है। हरिवंश इसलिए चर्चा में हैं क्योंकि उन्होंने पार्टी लाइन को दरकिनार करते हुए अपने पद के सम्मान को बरकरार रखने की ठानी। मामला नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह से जुड़ा है। हरिवंश नारायण सिंह जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कोटे से राज्यसभा सांसद हैं। उनकी पार्टी ने इस समारोह का बहिष्कार कर रखा था।

पार्टी ने उम्मीद पाल रखी थी कि राज्यसभा के उपसभापति भी पार्टी का कहना मानें और समारोह का बहिष्कार करें।

पर हरिवंश नारायण सिंह ने न केवल अपने पद की लाज रखी, बल्कि राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का संदेश भी पढ़ा। उन्होंने कर्तव्यपथ पर सही और गलत का फैसला लेते हुए राष्ट्रधर्म का पालन किया। निश्चित तौर पर हरिवंश नारायण सिंह का यह कदम नीतीश कुमार और उनकी पार्टी को नागवार और अरुचिकर लगा होगा।

जदयू के कोटे से गए थे राज्यसभा

हरिवंश को जदयू ने साल 2014 में अपने कोटे से राज्यसभा भेजा था। हरिवंश अपनी काबिलियत के बल पर उपसभापति की कुर्सी पर बैठे। उस वक्त जदयू ने इसे अपनी पार्टी के लिए गर्व और सम्मान के रूप में देखा था। पर आज जब उसी पद का गरिमा का सम्मान करते हुए हरिवंश ने संसद भवन समारोह में शिरकत की तो पार्टी इसे गद्दारी का नाम दे रही है।

जदयू के मुख्य प्रवक्ता ने यह बयान तक दे डाला कि हरिवंश ने अपनी लेखनी और जमीर को बेच डाला। बात जब राष्ट्रधर्म की आती है तो कई नेताओं ने अपने दल के वसूलों और नीतियों के खिलाफ मोर्चा लिया है। खासकर संवैधानिक पद पर बैठे राजनेताओं ने इस तरह का निर्णय लेने में जरा भी देरी नहीं दिखाई है।

सोमाथ चटर्जी भी कर चुके हैं पहले ये काम

हरिवंश कोई अपवाद नहीं हैं। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने पार्टी से अधिक अपने संवैधानिक पद को सम्मान दिया था। यह जुलाई 2008 की बात है। इस दौरान मनमोहन सिंह सरकार ने अमेरिका से महत्वपूर्ण परमाणु समझौता किया था। वामपंथी दल इस समझौते से नाराज थे।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने परमाणु समझौते से नाराजगी दिखाते हुए सरकार से समर्थन वापस लेने की घोषणा कर दी। 22 जुलाई को संसद में मनमोहन सरकार के लिए परीक्षा का दिन था। पार्टी ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। उस वक्त पार्टी के सभी सदस्यों को अपना पद छोड़ने और अविश्वास प्रस्ताव में सरकार के विरोध में मत डालना था।

तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने ऐसा करने से साफ मना कर दिया था। उन्हें अपने पद की गरिमा और प्रतिष्ठा का पता था। माकपा के वरिष्ठ नेता प्रकाश करात ने राष्ट्रपति को पत्र सौंपकर अपने सभी सांसदों द्वारा सरकार से समर्थन वापस लेने की बात कही थी।

इस पत्र में सोमनाथ चटर्जी का नाम भी दर्ज था। पर सोमनाथ चटर्जी ने स्पष्ट तौर पर संदेश दे दिया था कि वे जिस पद पर बैठे हैं वह पद पार्टी से काफी ऊपर है। सोमनाथ चटर्जी का यह निर्णय पार्टी को चुभ गया। दस बार के सांसद रहे सोमनाथ चटर्जी को निलंबित करने में पार्टी ने देरी नहीं की।

कई दशकों तक पार्टी की सेवा में लगे रहे सोमनाथ चटर्जी के निष्कासन से उनकी सेहत पर तो कोई असर नहीं हुआ, उल्टा माकपा नीतियों की थू–थू जरूर हुई। हालांकि, इस घटना से सोमनाथ चटर्जी बेहद आहत हुए थे। उन्होंने उस वक्त कहा था कि भविष्य में जो भी लोकसभा का अध्यक्ष बने उसे सबसे पहले अपनी पार्टी से इस्तीफा दे देना चाहिए ताकि वह अपनी इच्छा के अनुसार कार्य कर सके। उनका बयान यह बताने के लिए काफी है कि राष्ट्रहित से ऊपर कुछ नहीं है।

हरिवंश नारायण सिंह के साथ क्या एक बार फिर वही इतिहास दोहराया जाएगा? जिस तरह जदयू के नेता बयानबाजी कर रहे हैं वह अनायास ही नहीं है। निश्चित तौर पर पार्टी की तरफ से संकेत मिल चुके होंगे। पर सवाल यह है कि पार्टी से निकाले जाने के बाद क्या हरिवंश नारायण सिंह की सेहत पर असर पड़ेगा? तो इसका जवाब न में है।

पार्टी से निकाले जाने के बाद भी बने रह सकते हैं पद पर

संविधान विशेषज्ञ और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अंभोज कुमार सिन्हा कहते हैं हरिवंश नारायण सिंह जिस संवैधानिक पद पर बैठे हैं, उसी संविधान में इस तरह के प्रावधान हैं कि पार्टी से निकाले जाने के बावजूद भी वे उस पद पर बने रह सकते हैं। संविधान की दसवीं अनुसूची में इसके स्पष्ट प्रावधान दिए गए हैं। इस अनुसूची में दल बदल विरोधी कानून से जुड़े तमाम प्रावधानों का स्पष्ट उल्लेख है।

अंभोज कुमार सिन्हा कहते हैं पार्टी में नहीं रहना और किसी सदस्य के अयोग्य करार दिए जाने में अंतर है। दसवीं अनुसूची में किसी संसद सदस्य के अयोग्य करार दिए जाने के तमाम आधार बताए गए हैं। उन तमाम आधारों के अलावा एक अपवाद भी शामिल है, जिसमें कहा गया है कि कोई सदस्य अगर अध्यक्ष के पद पर चुना जाता है तो वह पार्टी छोड़ सकता है। पद छोड़ने के बाद दोबारा पार्टी में शामिल भी हो सकता है। एक बार स्पीकर या डिप्टी स्पीकर हो जाने के बाद व्हीप का भी कोई असर स्वतः खारिज हो जाता है।

वैसे भी जदयू ने कोई व्हीप तो जारी किया नहीं था। निश्चित तौर पर अगर जदयू हरिवंश नारायण सिंह को भी पार्टी से निकाल देती है तो उनकी सेहत पर भी सोमनाथ चटर्जी की तरह असर नहीं पड़ेगा। पर जदयू का यह संदेश लोगों के बीच जरूर जाएगा कि एक संवैधानिक पद पर बैठे सम्मानित व्यक्ति के साथ नीतीश कुमार और उनकी पार्टी ने क्या हरकत की है। दल आते जाते रहेंगे। सदन में नए चेहरे आते जाते रहेंगे। पर हरिवंश ने बता दिया कि दलों की आरोप प्रत्यारोप की राजनीति राष्ट्रहित से कहीं ऊपर है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# उ0 प्र0 रोडवेज कर्मचारी संघ द्वारा कैसरबाग बस डिपो पर सुंदरकांड एवं विशाल भव्य भंडारा संपन्न

मृत्युंजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट लखनऊ : राजधानी में हर बार की तरह इस बार भी उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाए जा रहे जेष्ठ माह के आखिरी बड़े मंगल पर कैसरबाग बस डिपो पर भव्य विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से भूमिका आमिर जावेद (कार्यकारिणी अध्यक्ष) रजनीश मिश्रा मीडिया प्रभारी और कर्मचारी संघ के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारी गण के सहयोग से भव्य विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कर्मचारियों का सहयोग रहा। अध्यक्ष जी ने सुंदरकांड के उपरांत हनुमान आरती के बाद आगंतुको को अंग वस्त्र व प्रभु हनुमान जी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। मीडिया प्रभारी जी ने बताया कि लगभग 10,000 लोगों में भंडारे का प्रसाद पूर्वक वितरित



किया गया जिसमें भंडारे में हर खासोआम के बीच वितरण का सिलसिला देर रात तक चलता रहा हजारों की संख्या में भक्त गणों ने प्रसाद का स्वाद लिया और हनुमान भजन और सुंदरकांड का गुणगान चलता रहा। कैसरबाग डिपो के समस्त कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त होता रहा सब लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कैसरबाग डिपो के कार्यकारी अध्यक्ष आमिर जावेद ने सभी सहयोग करने वाले साथियों का आभार प्रकट किया और धन्यवाद दिया।

## चीफ फार्मेसिस्ट सुनील यादव को लोगों ने दी बधाई

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। स्टेट फार्मेसी कॉउंसिल के पूर्व चेयरमैन, फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष, सिविल चिकित्सालय के चीफ फार्मेसिस्ट सुनील यादव के सामाजिक कार्यों, शिक्षा के क्षेत्र में लगातार किए जा रहे प्रयासों को देखते हुए अतुल्य फाउंडेशन द्वारा श्री यादव को उत्कृष्ट नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया। द एलाइट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम वरिष्ठ आई ए एस आर ए प्रसाद (से नि) द्वारा दिया गया । संस्था के चेयरमैन अतुल करन यादव, वाइस प्रेसिडेंट डॉ पी आर धूसिया आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि सिविल चिकित्सालय के चीफ फार्मेसिस्ट सुनील यादव सामाजिक क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहते हैं, फार्मेसी शिक्षा के साथ ही समाज को जागरूक करने के लिए अनेक माध्यमों से समाज के प्रत्येक वर्ग को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। फार्मेसी काउंसिल के चेयरमैन रहते हुए उन्होंने काउंसिल को इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी से जोड़ा । श्री यादव अपनी टीम के साथ मिलकर गरीब तबके व ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध कराते हैं। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास भी निःशुल्क होते हैं । जनता को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करना उनकी प्राथमिकता में रहता है । श्री यादव का कहना है कि दवा शरीर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है लेकिन औषधियों के बारे



में उचित जानकारी भी बहुत आवश्यक है, औषधियों का उचित रखरखाव, मरीज की काउंसलिंग किसी भी रोगी को ठीक करने के लिए सबसे जरुरी है । उन्होंने अतुल्य फाउंडेशन का धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम में के के सचान प्रभारी अधिकारी फार्मेसी का भी सम्मान किया गया । साथ ही कुछ आई पी एस सहित प्रशासनिक अधिकारियों का भी सम्मान किया गया। ज्ञातव्य है कि चीफ फार्मेसिस्ट सुनील यादव पूरे उत्तर प्रदेश के युवा फार्मेसिस्ट के लिए आदर्श एवं मार्गदर्शक के रूप में पहचाने जाते हैं। फार्मासिस्ट की आवाज कहे जाने वाले सुनील यादव बेबाक,निर्भीक तरीके से अपनी बात अधिकारियों तक पहुंचाते हैं और युवा फार्मासिस्ट की समस्याओं का निस्तारण करवाते हैं। सिविल चिकित्सालय में उनके पास सैकड़ों लोग मदद के लिए आते रहते हैं उनकी तुरंत श्री यादव मदद करते हैं। जरूरतमंदों के लिए आशा की किरण हैं।

## संस्कृत भारती अवध प्रान्त द्वारा अयोध्या में 12 दिवसीय आवासीय संस्कृत प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। संस्कृत भारती अवध प्रान्त का आवासीय शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग 12 जून 2023 तक श्री परमहंस शिक्षण प्रशिक्षण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विद्याकुण्ड, अयोध्या में सम्पन्न होगा। अवध प्रान्त के अन्तर्गत आने वाले 13 जनपदों से चयनित लगभग 130 प्रशिक्षार्थियों के सम्मिलित होने की सम्भावना है। संस्कृत भारती का उद्देश्य संस्कृत भाषा के उत्थान हेतु प्रशिक्षण के माध्यम से समाज के सभी वर्गों के लिए उसे सम्भाषण हेतु सुलभ बनाना है। संस्कृत जनभाषा हो, समाज इसके संरक्षण के दायित्व को स्वीकार करे। इस हेतु संस्कृतभारती अवध प्रान्त द्वारा वर्ष में दो बार आवासीय प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन होता है, इसी क्रम में यह वर्ग इस बार अयोध्या में आयोजित हो रहा है। यह जानकारी संस्कृत भारती अवध प्रान्त के मन्त्री डा. अनिल कुमार ने दी।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रामबदन सिंह ने समीक्षा से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं के बारें मे जिलाधिकारी को अवगत कराया। खाद्यान्न वितरण फीडिगं में केराकत एवं बरसठी में प्रगति कम हाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बधित सीडीपीओ को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। वीएसएनडी एवं सीबीई में केराकत में प्रगति कम पायी गई। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी से जानकारी ली कि सैम एवं मैम के बच्चों को मानीटर करने की क्या व्यवस्था की गयी है और उन्हाने निर्देश दिया कि चिन्हित बच्चों में सुधार नही आया है तो इसके पीछे का कारण पता किया जाये। जिलाधिकारी ने ई–कवच पोर्टल पर फीडिंग नही होने पर नाराजगी व्यक्त की और कडेध निर्देश दिये कि इस महीने सुधार नही हुआ तो मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जायेगी। पोषण पुर्नवास केन्द्र को लेकर विस्तार से चर्चा की और पाया कि महाराजगंज विकासखण्ड में प्रगति कम है, जिसे बढाने हेतु निर्देशित किया। आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं कार्यालय सीडीपीओ के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि कार्य को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण करायें। जिलाधिकारी ने एनआरसी में भर्ती, आधार रजिस्ट्रेशन, वीएचएसएनडी सत्र पर स्वास्थ्य प्रबंधन सहित अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, सीडीपीओ मछलीशहर दीपक कुमार चौबे, सीडीपीओ मनोज वर्मा, भैया लाल, सुरेश यादव, प्रशान्त सिंह, अभिषेक द्विवेदी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## डायट में मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस''

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,में आज विश्व धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर ''तम्बाकू रोकथाम की दृष्टि से ''हमें भोजन चाहिए तम्बाकू नही'' थीम पर आधारित पोस्टर निर्माण एवं रैली का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने बढ–चढकर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप शिक्षा निदेशक/ प्राचार्य डॉ. राकेश सिंह द्वारा किया गया। प्रशिक्षुओं द्वारा तंबाकू निषेध रैली निकाली गयी। प्राचार्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया, और प्रशुक्षिओ को जागरूक करने का कार्य किया गया। प्रशिक्षुओं द्वारा नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया तथा इस अवसर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम स्थान जया यादव की टीम ने, द्वितीय स्थान काजल यादव, स्वर्णिमा, अरिशा फैजान ने तथा तृतीय स्थान श्रद्धा दुबे व स्वाति विश्वकर्मा ने प्राप्त किया।प्राचार्य द्वारा प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा तंबाकू निषेध पर शपथ करायी



गयी। इस अवसर पर सेवा निवृत्ति वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. कमल नयन यादव, प्रभारी वरिष्ठ प्रवक्ता रवींद्र नाथ यादव, राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित शिक्षक अशोक सोनकर तथा कार्यक्रम प्रभारी, प्रवक्ता अमित यादव, अखिलेश मौर्य तथा समस्त प्रवक्ता व समस्त प्रशिक्षु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा व नीरज मणि तिवारी द्वारा किया गया।

# क्या भारतीय बाजार महामारी के बाद की स्थिति का सामना करने हेतु तैयार है –डॉ. सचिन कुमार श्रीवास्तव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्रोफेसर सचिन कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि महामारी के बाद भारतीय बाजार ने लचीलापन और अनुकूलनशीलता दिखाई है, जिससे खुद को महामारी के बाद की स्थिति का सामना करने के लिए तैयार किया है। यहां कुछ कारण बताए गए हैं कि क्यों भारतीय बाजार महामारी के बाद के युग के लिए तैयार हैः '1. टीकाकरण अभियानः' भारत ने एक व्यापक टीकाकरण अभियान शुरू किया है, जिसमें लाखों लोग COVID–19 टीके प्राप्त कर रहे हैं। इसने आबादी के बीच विश्वास पैदा करने और महामारी के प्रभाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बढ़ते टीकाकरण कवरेज से सामान्य स्थिति बहाल करने और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। डिजिटल परिवर्तनः' महामारी ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत में डिजिटल परिवर्तन को गति दी है। व्यवसायों, सरकारी संस्थानों और उपभोक्ताओं ने त्वरित गति से डिजिटल तकनीकों को अपनाया है। इस डिजिटल तैयारी ने दूरस्थ कार्य, ई–कॉमर्स विकास, ऑनलाइन शिक्षा और टेलीमेडिसिन सहित अन्य को सक्षम बनाया है। महामारी के बाद की अवधि में बढ़ा हुआ डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक–सेवीनेस इनोवेशन को जारी रखेगा और बिजनेस की निरंतरता को सुगम बनाएगा।3. सरकारी पहलः' भारत सरकार ने व्यवसायों का समर्थन करने और अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए कई उपायों को लागू किया है। इनमें राजकोषीय प्रोत्साहन पैकेज, नीतिगत सुधार और ''मेक इन इंडिया'' और ''डिजिटल इंडिया'' जैसी पहलें शामिल हैं। इन पहलों का उद्देश्य विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाना, घरेलू खपत को बढ़ावा देना और डिजिटल बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देना है, जो महामारी के बाद की रिकवरी के लिए एक मजबूत नींव रखता है।लचीला उद्यमिताः' भारत अपनी उद्यमशीलता की भावना और लचीलेपन के लिए जाना जाता है। महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद, कई उद्यमियों ने बाजार की बदलती माँगों को पूरा करने के लिए अपने व्यवसायों को अनुकूलित किया है और उन्हें आगे बढ़ाया है। स्टार्टअप्स और छोटे व्यवसायों ने स्वास्थ्य सेवा, ई–कॉमर्स, लॉजिस्टिक्स और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में उभरती जरूरतों को संबोधित करते हुए चपलता और नवीनता दिखाई है। उपभोक्ता मांगः' भारतीय बाजार में एक बड़ा और आकांक्षी उपभोक्ता आधार है। जैसे–जैसे महामारी कम होती है, विभिन्न क्षेत्रों में खपत बढ़ने की उम्मीद है। बढ़ती डिस्पोजेबल आय, शहरीकरण और बढ़ती उपभोक्ता प्राथमिकताएं व्यवसायों के लिए बढ़ते बाजार में टैप करने के अवसर प्रस्तुत करती हैं। स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे पर ध्यानः' महामारी ने एक मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के महत्व को रेखांकित किया है। भारत सरकार और निजी क्षेत्र ने स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, अस्पतालों, चिकित्सा उपकरणों में निवेश करने और अनुसंधान और विकास की आवश्यकता को पहचाना है। स्वास्थ्य देखभाल की तैयारी पर यह बढ़ा हुआ ध्यान भविष्य के स्वास्थ्य संकटों को दूर करने में मदद करेगा और व्यवसायों और उपभोक्ताओं को सुरक्षा की भावना प्रदान करेगा। अंत में, भारतीय बाजार ने महामारी के बाद की स्थिति की तैयारी में महत्वपूर्ण प्रगति की है। टीकाकरण अभियान, डिजिटल परिवर्तन, सरकारी पहल, लचीला उद्यमशीलता, उपभोक्ता मांग और स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करने से भारत आने वाले वर्षों में उबरने और फलने–फूलने के लिए तैयार है। जबकि चुनौतियां बनी हुई हैं, भारतीय बाजार की तत्परता और अनुकूलन क्षमता प्रमुख कारक हैं जो महामारी के बाद के युग में विकास और लचीलेपन को आगे बढ़ाएंगे।

# मौत को दावत दे रहें धुरियापार रोड पर बने गड्ढे : किसी बडी घटना के इन्तजार में शासन प्रशासन

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गोरखपुर ,कम्हरिया घाट संपर्क मार्ग इस कदर जर्जर हो गया है कि लोगों को गड्ढों में सड़क ढूंढनी पड़ रही है। उरुवा बाजार से धुरियापार धुरियापार से शाहपुर तक दस किमी लंबी इस सड़क पर गड्ढों की भरमार से यात्रियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर आए दिन हादसे हो रहे हैं लेकिन अफसर मरम्मत को लेकर बेपरवाह बने हुए हैं। बरसात के समय में गड्ढे में पानी भर जाने के कारण गढ़्ढे दिखाई नहीं देते और वो दुर्घटना के शिकार हो रहें है । धुरियापार रोड के आसपास लोगों का कहना है की रोज कोई न कोई इन गड्ढों गिर कर घायल होते



रहते है। विधानसभा चिल्लूपार की सबसे बड़ी समस्या सड़क और जल निकासी की समस्या है जिस पर कोई जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहा।

# जांघों के बीच दबाकर ले जा रहे थे पौने चार किलो सोना : कस्टम ने दबोचा

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय अमौसी एयरपोर्ट से कस्टम अधिकारियों ने 29 मई को मस्कट से अंडरवियर में सोना छिपाकर ला रहे दो तस्करों को दबोचा है। दोनों के पास 7.39 किलो सोना बरामद हुआ है। जिसकी बाजार में कीमत करीब 4.56 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पकड़े गये तस्कर बिहार के गोपालगंज के रहने वाले है। खास बात यह है कि सोना पेस्ट की तरह था। ओमान के मस्कट से लखनऊ एयरपोर्ट पर सोमवार रात करीब 8 बजे सलाम एयरलाइंस के विमान संख्या (ओवी 795) में कस्टम टीम ने तलाशी शुरू की। इस दौरान अधिकारियों को दो संदिग्ध लोग दिखे। दोनों को टीम ने हिरासत में लेकर तलाशी शुरू की तो उनके पास से 7.390 किलो सोना (गोल्ड पेस्ट) बरामद हुआ। पकड़े गये दोनों तस्कर बिहार के गोपालगंज के रहने वाले हैं, जिनका नाम धनंजय कुमार यादव व सलमान अली है। अंडरवियर में चिपकाकर लाये थे सोना कस्टम के सूत्रों के मुताबिक तलाशी के दौरान दोनों के अंडरवियर की तलाशी ली गई। जिसमें पेस्ट की तरह सोना अपनी जांघ के बीच चिपका कर लाये थे। धनंजय के पास से 3.710 व सलमान के पास से 3.680 किलो सोना बरामद हुआ। दोनों सोने से जुड़े दस्तावेज भी नहीं दिखा सके। देवरिया में 1.28 करोड़ रुपये के सोने के बिस्किट के साथ दो तस्कर गिरफ्तार गोरखपुर की डायरेक्ट्रेट ऑफ रेवन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) की टीम ने जीआरपी की मदद से देवरिया रेलवे स्टेशन पर 1.28 करोड़ रुपये के सोने के बिस्किट के साथ दो तस्करों को पकड़ा है। तस्करों में एक महिला भी है। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि तस्करी के सोने को गोरखपुर की सराफा मंडी में खपाने की तैयारी थी। डीआरआई तस्करी के नेटवर्क को खंगाल रही है। जल्द ही कुछ और लोग पकड़े जा सकते हैं। जानकारी के मुताबिक, गोरखपुर डीआरआई की टीम को सूचना



मिली थी कि देवरिया के कुछ युवक म्यांमार और बंगलादेश से सोने की तस्करी कर गोरखपुर और देवरिया भेजते हैं। सोने का बिस्किट लेकर कोलकाता से मंगलवार की शाम पहुंचने वाले हैं। डीआरआई ने जीआरपी देवरिया की मदद से रेलवे स्टेशन पर जाल बिछा दिया। इसी दौरान एक युवक और युवती ट्रेन से प्लेटफार्म पर पहुंचे तो टीम ने शक के आधार पर दोनों को हिरासत में ले लिया। दोनों की पहचान शहर के गायत्रीपुरम निवासी अमित वर्मा व नेहा वर्मा के रूप में हुई है। तलाशी में इनके पर्स से 17 सोने के बिस्किट मिले हैं, जिसका वजन दो किलो सौ ग्राम है। दोनों को हिरासत में लेकर जीआरपी थाने लाया गया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि कोलकाता से सोना लेकर वे पटना आए। इसके बाद हाजीपुर स्टेशन से आम्रपाली एक्सप्रेस में सवार होकर देवरिया पहुंचे। कोलकाता से सोने के बिस्किट इन्हें मिले थे। जिस व्यक्ति ने दिया था वह म्यांमार व बंगलादेश से सोने की तस्करी करता है। तस्करी के सोने को वे दिल्ली, मुंबई व पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों में खपाते हैं। डीआरआई की टीम दोनों को लेकर अपने साथ गोरखपुर आ गई। सोना जब्त कर लिया। अब तस्करी के नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है। जीआरपी एसओ सुधाकर उपाध्याय ने बताया कि पकड़े गए तस्करों के पास से 1.28 करोड़ रुपये का सोना बरामद किया गया है। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# खोजी पत्रकारिता में हिंदी पत्रकारों का कार्य सराहनीय –डॉ चंदन शर्मा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग एवं कम्युनिकेशन टुडे शोध पत्रिका के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर हिंदी पत्रकारिता किधर? विषयक राष्ट्रीय ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में देश के विभिन्न प्रदेशों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। वक्ताओं ने हिंदी पत्रकारिता के विविध पक्षों पर विस्तार से चर्चा की। वेबिनार को संबोधित करते हुए दैनिक जागरण धनबाद के संपादकीय प्रभारी डॉ. चंदन शर्मा ने कहा कि अनेक चुनौतियों के बावजूद देश के अलग–अलग हिस्सों में हिंदी के पत्रकारों ने खोज पूर्ण पत्रकारिता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है। दैनिक हिंदुस्तान ,नई दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानेश उपाध्याय ने कहा कि जिधर समाज जाता है उधर पत्रकारिता जाती है। कहा कि भविष्य डिजिटल मीडिया का है जिसने प्रिंट मीडिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती खड़ी की है। रायपुर ,छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार श्री बाबूलाल शर्मा ने कहा कि पूंजी एवं शक्ति के बल पर लोग पत्रकारिता में प्रवेश कर रहे हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आपातकाल के बाद पत्रकारिता में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है।



जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता का भविष्य तमाम चुनौतियों और बाधाओं के बाद भी उज्जवल है। विषय की पृष्ठभूमि एवं संगोष्ठी का संचालन कम्युनिकेशन टुडे के संपादक एवं राजस्थान विश्वविद्यालय,जयपुर के जनसंचार केंद्र के पूर्व अध्यक्ष प्रो संजीव भानावत ने किया। ऑनलाइन संगोष्ठी में आयोजन सचिव डॉ उषा साहनी,डॉ पृथ्वी सेंगर, प्रो मानस पांडेय,प्रो अविनाश पाथर्डिकर, डॉ. दयानंद कात्यायन, डॉ रश्मि गौतम, डॉ अमरेंद्र सिंह,डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ सुनील कुमार, डॉ अवध बिहारी सिंह, डॉ चंदन सिंह, डॉ दयानंद उपाध्याय, सुधाकर शुक्ल,डॉ अवधेश मौर्य समेत विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बिजली चोरी पकड़ने गए दस्ते पर जानलेवा हमला : जेई पर लोहे की रॉड से किया वार सिर में लगे सात टांके

लखनऊ ब्यूरो : आईआईएम रोड पर बुधवार सुबह बिजली चोरी पकड़ने गए चेकिंग दस्ते पर डिगरियां के बिजली चोरों ने लोहे की रॉड से जानलेवा हमला बोल दिया। इस हमले में जूनियर इंजीनियर सहित कई कर्मचारी घायल हो गए जिसमें सबसे ज्यादा चोटे जूनियर इंजीनियर के सिर में आई है, जिसको सात टांके लगाए गए। जूनियर इंजीनियर का एक निजी अस्पताल में उपचार हो रहा है।जूनियर इंजीनियर अंकुश मिश्रा के नेतृत्व में चेकिंग दस्ता सर्वाधिक बिजली चोरी वाले इलाके दिगुरिया गया था। सुबह 7:00 बजे शुरू हुई जांच के दौरान पहले गांव के लोगों ने दस्ते को घेराबंदी करके नारेबाजी शुरू कर दी और वापस लौटने का अल्टीमेटम दिया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि बिजली चोरी पकड़ेंगे तो जानलेवा हमला होगा। मगर जूनियर इंजीनियर ने आगे बढ़कर जांच की शुरूआत की तो गांव के ही शोएब नाम के युवक की अगुवाई में लोगों ने लाठी–डंडे और लोहे की रॉड से हमला बोल दिया। कुछ कर्मचारी



और अभियंता जान बचाकर भाग गए लेकिन जूनियर इंजीनियर को गांव के लोगों ने पकड़कर लोहे की रॉड से पीटा, जिससे उसका सिर फट गया। लहूलुहान हालत में उसे आईआईएम रोड पर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार कराया गया है। कमिश्नर पुलिस टीम भेज कर हमलावरों को पकड़ने की कोशिश करा रहा है। उधर उच्च अधिकारियों ने भी अस्पताल पहुंचकर का हाल–चाल है।

## प्रोफेसर मोहम्मद वसी बेग ''बिलाल'' अलीग को मिला''इमरोज कमर'' पुरस्कार

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : एसीएन कॉलेज के निदेशक और एलिग्स फाउंडेशन के अध्यक्ष. युवा कवि, लेखक, स्तंभकार प्रो. (डॉ.) मोहम्मद वसी बेग ''बिलाल'' अलीग को ''इमरोज कध्मर'' पुरस्कार मिला। यह पुरस्कार ललित साहित्य एवं कल्याण समाज, अलीगढ़ द्वारा कवि सम्मेलन में प्रदान किया गया। प्रोफेसर मोहम्मद वसी बेग ने इस पुरस्कार को अपने गुरु हमीद खिजर साहब को समर्पित किया। ललित लिटरेरी – वेलफेयर सोसाइटी अलीगढ़ की जानिब से शानदार कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन डाक्टर मुजीब शहजर साहब ने नगला पटवारी अलीगढ़ पर शान व शौकत के साथ आयोजित किया,अलीगढ़ के नामचीन शायर और कवियों ने




अपनी बेहतरीन रचनाएं प्रस्तुत कीं श्रोताओं ने रात एक बजे तक खूब आनंद लिया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता ख्याति प्राप्त कवि डाक्टर अशोक अंजुम ने की, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अहमद मुस्तफा थे ,सम्मानित अतिथि राशिद चौधरी और मुशर्रफ मेहजर थे, पूरे कार्यक्रम का संचालन श्री दौलत राम ने किया।

## मछली मारने के विवाद चलाई गोली युवक घायल : दो नामजद एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज




जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा थाना क्षेत्र के तहत उमरक्षा के चक चितसारी गांव में सई नदी घाट पर बुधवार को मछली मारने के विवाद में दूसरे पक्ष के युवक ने पेट में गोली मार फरार हो गया। घटना में घायल युवक ने दाहिने तरफ पेट में घुसी गोली को स्वतः निकाल परिजनों के साथ नौपेड़वा सीएचसी अस्पताल पहुँचा। अस्पताल के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करतें हुए घायल को जिला अस्पताल रिफर कर दिया। थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह की सूचना पर पहुँचे पुलिस अधीक्षक डॉ. अजयपाल शर्मा व सीओ सदर एसपी उपाध्याय ने पहुँच घटना की लेते हुए आरोपियों के गांव पहुँच गए। थाना क्षेत्र के पट्टीराव गांव निवासी 26 वर्षीय अखिलेश निषाद पुत्र शिवराम व आशीष सरोज पुत्र स्व. नन्हेलाल घाट पर मछली मारने गए थे। मछली मारने के दौरान सिकरारा थाना क्षेत्र के लेधुआ गांव निवासी कुछ युवकों से विवाद हो गया। गोली से घायल अखिलेश ने पुलिस को दिए तहरीर में पीड़ित ने आरोप लगाया है कि लेधुआ निवासी सौरभ यादव व श्याम उपाध्याय व अज्ञात युवकों से विवाद व मारपीट के दौरान नाराज युवक ने अखिलेश को लक्ष्य कर गोली मार फरार हो गए जबकि आशीष के कान में मामूली चोटें आई। घायल युवक ने दिलेरी दिखाते हुए गोली स्वतः निकाल खोखा बाद में पुलिस को सौप दिया। सूचना पर पहुँचे परिजनों ने उसे नौपेड़वा सीएचसी अस्पताल ले गए। जहां बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉ. अजयपाल ने घटना की जानकारी लेते हुए आरोपियों के घर रवाना हो गए। पुलिस ने घायल की तहरीर पर दो नामजद एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। वही इस मामले में क्षेत्राधिकारी संत कुमार उपाध्याय ने बताया कि दो लोगों में विवाद हुआ है इस मामले में पीढ़ी द्वारा दो नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है गोली लगने जैसी बात सामने आई है मेडिकल की रिपोर्ट के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## उप मुख्य मंत्री ने लोक सभा चुनाव पर की चर्चा

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवसतव : उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के आगमन पर सर्किट हाउस में भाजपा नेता विकास शुक्ला ने किया स्वागत।उप



मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी कार्ययोजनाओं एवं 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व विधायक विनोद सिंह,विधायक राज प्रसाद उपाध्याय व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## लड़कियों महावारी पर चुप्पी तोड़ो स्वस्थ जीवन से नाता जोड़ो –डॉ अंजना सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विश्व मासिक स्वच्छता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय हिंदू भगवा वाहिनी की प्रदेश अध्यक्ष डॉ अंजना सिंह ने अपनी पदाधिकारीयों के साथ चांदपुर बस्ती में जाकर के महिलाओं और



बच्चियों को जागरूक करने के साथ–साथ सेनेटरी पैड का वितरण किया! उक्त अवसर पर डॉ अंजना सिंह ने कहा कि बच्चियों को इन दिनों अपनी सुरक्षा और स्वच्छता से संबंधित बातों का ध्यान अवश्य रखना चाहिए,उन्होंने कहा कि महावारी के दिनों में बच्चियों को साफ सफाई की ज्यादा जरूरत होती है और बच्चियों और महिलाओं को शर्म छोड़कर इस विषय पर खुलकर बात करनी चाहिए उन्होंने बच्चियों को इससे संबंधित कई जानकारियां भी दी।इस मौके पर रेखा सिंह ने कहा कि इन दिनों में कोई भी किसी प्रकार की दिक्कत आने पर अपनी माता अपनी बहन से जरूर विचार विमर्श करें ,और गंदे कपड़ों की जगह सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करें।

## गंगा जल के 1001 कलशों से हुआ बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक : गूंजा सब तरफ हर–हर महादेव

वाराणसी ब्यूरो : ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी 'निर्जला एकादशी' पर बुधवार को काशीपुराधिपति की नगरी अपने आराध्य की भक्ति में आकंठ लीन रही। निर्जला एकादशी पर बुधवार को गंगा जल के 1001 कलशों से भक्तों ने बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक किया। मान्यता है कि हर



एकादशी को महादेव की आराधना करने से सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है। श्री काशी विश्वनाथ वार्षिक कलश यात्रा में हजारों लोगों ने राजेंद्र प्रसाद घाट से कलश में जलभर कर महादेव के दरबार में जलाभिषेक किया। वहीं, हर–हर महादेव के नारे से काशी गूंज उठा। कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं के साथ भगवान शिव और माता पार्वती की छवि धारण किए कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुति विशेष उत्साह भर रही थी। डमरू की गर्जना के साथ भक्तों के हर–हर महादेव के उद्घोष से सम्पूर्ण परिवेश शिव भक्ति से ओत–प्रोत रहा। गंगा घाट पर कलश पूजन पंडित अमरकांत के आचार्यत्व में पांच ब्राह्मणों ने कराया। यजमान विनोद लोहिया, सीमा लोहिया, और निधि देव अग्रवाल समेत अन्य लोग थे। इससे पहले पहले संस्था के लोगों ने मां गंगा की आरती उतारी। पुराणों की मानें तो एकादशी के दिन काशी विश्वनाथ मंदिर में भोले नाथ और माता पार्वती का जलाभिषेक करने से जीवन सफल होता है। ऐसा करने से भक्तों की मुराद भी पूरी होती है।

## किराना दुकान में सेंध लगाकर चोरी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर(गोंडा) : किराना दुकान के पीछे की दीवार में बीती रात चोरों ने सेंध लगा दी।इसके बाद दुकान में दाखिल होकर चोर नगदी व सामान ले जाने में सफल रहे।घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है।इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम विशुनपुर संगम के भटपुरवा निवासी राजेश सिंह ने रमवापुर विजयगढ़वा मार्ग पर शिवपुरिया चौराहे पर किराना की दुकान खोल रखी है।बीती रात दुकान बंद कर वह अपने गांव भटपुरवा चले आए थे।सुबह बेटे शिव प्रताप सिंह ने दुकान खोली तब घटना की जानकारी हुई।राजेश सिंह ने बताया कि चोरों ने दुकान के काउंटर में रखी नकदी सहित करीब पचास हजार का सामान चोरी कर लिया।चोरी की तहरीर पुलिस को दी गई है।प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि घटना की सूचना मिली है।छानबीन की जा रही है।

## नाबालिक से दुष्कर्म का प्रयास एवं जान से मारने की धमकी : एफआईआर दर्ज

जौनपुर सिटी क्राईम रिपोर्टर अनुराग श्रीवास्तव : थाना लाइन बाजार अन्तर्गत शहर के यूपी सिंह कालोनी निवासी श्रीमती सुषमा देवी ने अपनें ही निकट संबंधी रिश्तेदार संतोष सिंह निवासी यूपी सिंह कालोनी के विरुद्ध अपनें नाबालिक पुत्र उम्र लगभग पांच वर्ष के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म का प्रयास एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एफआईआर थाना पंजीकृत कराया गया है। नाबालिक का पुलिस अभिरक्षा में मेडिकल चेकअप जिला अस्पताल में कराया गया। जिसके संबंध में पूछे जाने पर थाना लाइन बाजार इंस्पेक्टर क्राईम द्वारा समाचार लिखे जाने तक मेडिकल रिपोर्ट को सार्वजनिक नही किया गया और देश की उपासना को बताया गया कि उक्त आरोपों में एफआईआर पंजीकृत कर लिया गया है विधिक कार्यवाही की जा रही है, शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार किया जायेगा।

## जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी./सचिव (पूर्णकालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रशान्त कुमार ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल, माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में प्रशान्त कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी./सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार, जौनपुर का भौतिक रूप से निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान बन्दियों की समस्याएं तथा जेल अस्पताल में भर्ती बन्दी मरीजों का हाल–चाल पूछा गया। बन्दियों को विधिक एवं मौलिक अधिकारों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। ऐसे विचाराधीन बन्दी जो अपने वादों में पैरवी हेतु अधिवक्ता करने में अक्षम है तथा ऐसे सिद्धदोष बन्दी जो अपने मामलों में उच्च न्यायालय में अपील करने में अक्षम हों वह कारागार अधीक्षक के माध्यम से अपने प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत कर निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं। कैदियों के नाबालिक होने की संभावना को देखते हुए जन्म प्रमाण पत्र मंगवाने की सलाह दी गयी। समयपूर्व रिहाई के पात्र बन्दियों को चिन्हित कर उनके प्रार्थना पत्र तैयार कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में कुल 994 बन्दी है, जिनमें 113 पुरूष तथा 07 महिला सिद्धदोष बन्दी हैं तथा 773 पुरूष तथा 38 महिलाए एवं 31 अल्पवयस्क विचाराधीन बन्दी तथा प्रशासनिक आधार पर अन्य कारागार से प्राप्त बंदियों की संख्या 32 है। कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ कुल 09 बच्चे हैं। जेल अस्पताल के निरीक्षण में साफ–सफाई में कमियों की तरफ इंगित करते हुए साफ–सफाई की व्यवस्था का कड़ाई से पालन करने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। अधीक्षक द्वारा यह भी बताया गया कि बन्दियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय से चिकित्सकों की एक टीम का गठन भी किया गया है जिनके द्वारा प्रत्येक बुधवार को बन्दियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। जेल अधीक्षक को यह भी निर्देशित किया गया कि वह मुख्य चिकित्साधिकारी से सामंजस्य स्थापित करते हुए बंदियों की एच0आई0वी0 की जॉच नियमित अंतराल पर कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जेल अधीक्षक, एस0के0 पाण्डेय, जेलर, कुलदीप सिंह भदौरिया, डिप्टी जेलर राजकुमार सिंह, धर्मेन्द्र सिंह व श्रीमती सुषमा शुक्ला, चिकित्साधिकारी डा0 रविराज,फार्मासिस्ट सतीश कुमार गुप्ता तथा जेल विजिटर अमित कुमार त्रिपाठी, विजय कुमार पाल, जेल पी0एल0वी0 गण व अन्य उपस्थित रहे।

## ''विश्व तम्बाकू निषेध दिवस'' के उपलक्ष्य में जन जागरूकता फैलायें जाने हेतु हस्ताक्षर अभियान एवं गोष्ठी का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : ''विश्व तम्बाकू निषेध दिवस'' के उपलक्ष्य में जन जागरूकता फैलायें जाने हेतु हस्ताक्षर अभियान एवं गोष्ठी का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह की अध्यक्षता में कार्यालय सभागार में किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि 31 मई 2023 यानि आज ''विश्व तम्बाकू निषेध दिवस'' पर इस वर्ष की थीम " We Need Food Not Tobacoo" है। तम्बाकू सेवन का व्यापक दुष्प्रभाव है। इसके सेवन से कई बीमारियां हो सकती है। लोगो को जागरुक करने के लिये प्रत्येक वर्ष 31 मई को ''विश्व तम्बाकू निषेध दिवस'' दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया गया कि तम्बाकू सेवन से गम्भीर बिमारियां जैसे–मुख, फेफड़े का कैन्सर, बी0पी0, शुगर, नपुंसकता इत्यादि बीमारियो हो सकती है इस कारण कई लोग समय से पहले अपंग या मत्यु को प्राप्त करते है। उनके द्वारा बताया गया कि ''विश्व तम्बाकू निषेध दिवस'' के अवसर पर विभाग द्वारा जनपद में विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम यथा शपथ अभियान, सभी सामु0/प्रा0स्वा0 केन्द्रो/हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टरो/उपकेन्द्रो पर निःशुल्क एन0सी0डी0 जांच शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम डा0 राजीव कुमार द्वारा बताया गया कि 15 मई से 15 जून तक तम्बाकू निषेध माह मनाया जा रहा है जिसमे अभियान के दौरान समस्त जनपद के विभागों का दायित्व होगा कि वे अपने–अपने कार्यालय में तम्बाकू निषेध जनजागरूकता पर चर्चा करायें तथा जनहित में प्रचार–प्रसार करायें, प्रति सप्ताह स्वास्थ्य, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग आदि सार्वजनिक स्थलों पर छापेमारी करें तथा अधिनियम का उल्लघंन करने पर दोषी पायें जाने के विरूद्व जुर्माना की कार्यवाही करें, ब्लॉक स्तरीय चिकित्सालयों में प्रतिदिन आने वालें मरीजों एवं तीमारदारों की काउन्सिलिग कर उन्हें तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करें। इस दिन का मुख्य उद्देश्य सिगरेट और अन्य तरीको के माध्यम से तम्बाकू सेवन के हानिकारक स्वास्थ्य प्रभावों के बारे में लोगो मे जागरुकता फैलाना है। धूम्रपान करने



की बुरी आदत से छुटकारा पाने में धूम्रपान करने वालों की मदद करना महत्वपूर्ण है। उन्हेंने बताया गया कि लोगो को तम्बाकू सेवन से मुक्त होने हेतु जिला पुरुष चिकित्सालय जौनपुर में तम्बाकू उन्मूलन केन्द्र क्रियाशील है। चिकित्साधिकारी एन0सी0डी0 जिला चिकित्सालय डा0 के0के0 पाण्डेय द्वारा बताया गया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर वर्ष इसकी थीम निर्धारित की जाती है इस वर्ष इसकी थीम हमे भोजन चाहिये तम्बाकू नही निर्धारित की गयी है आकड़े बताते है कि प्रति वर्ष साठ करोड़ वृक्षो को काटकर सिगरेट बनाया जाता है और तम्बाकू जनित उत्पादो से लगभग आठ करोड़ चालीस लाख टन कार्बन डाई आक्साइड उत्सर्जित होती है जिससे वायुमण्डल का तापमान बढ़ता है इतना ही नही सिगरेट बनाने में लगभग बाइस अरब लीटर पानी का उपयोग किया जाता है इससे न केवल पर्यावरण का खतरा उत्पन्न होता है बल्कि जल की बर्बादी भी होती है। डा0 के0के0 पाण्डेय द्वारा बताया गया कि अगर व्यक्ति दृढ़ इच्छाशक्ति बना ले तो वह नशा छोड़ सकता है। सभी को उक्त आभियान में सच्चे मन के साथ सक्रिय रुप से भाग लेने हेतु शपथ दिलायी गयी। उक्त कार्यक्रम में कुवर हरिबंश सिंह पैरामेडिकल कालेज की छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकरी डा0 एस0पी0 मिश्रा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 नरेन्द्र सिंह, डी0पी0एम0 एन0एच0एम0 सत्यव्रत त्रिपाठी, एम0एच0 कन्सलटेन्ट नीरज सिंह, कनिष्ठ लिपिक अजय सिंह, एफ0एल0सी0 जय प्रकाश गुप्ता एवं एन0सी0 डी0 सेल के सभी अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

## जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा वर्ष 2023–24 में वृक्षारोपण हेतु भूमि चयन के संबंध में जानकारी विभिन्न विभागों से ली। उन्होंने समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि भूमि चयन करने के साथ–साथ निर्धारित समय एवं प्रारूप पर कार्य योजना बनाकर दे दे। जिला गंगा समिति की बैठक में नदियों की साफ–सफाई वह सुंदरीकरण पर विस्तार से चर्चा हुई जिस पर उन्होंने घाटो पर साफ–सफाई, शव दाह गृह पर साफ–सफाई कराए जाने हेतु निर्देशित किया। डीएफओ प्रवीण खरे ने बताया कि जनपद में 52 लाख पौधे लगाए जाने के लक्ष्य है। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि स्थल चयन कर ले और जल्द से जल्द गड्ढा खोदने की कार्यवाही शुरू की जाएं। सभी विभाग वृक्षों की सुरक्षा के उपाय किया जाये। ग्राम पंचायतों में मनरेगा से ट्रेंचिंग की जाए। इस बार जिलाधिकारी के द्वारा नामित सेक्टर अधिकारी लगाए जाएंगे, जो कि पौधारोपण के सम्बंध में सभी व्यवस्था करना सुनिश्चित करेगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को पर्यावरण के रक्षा के लिए शपथ भी दिलाई।

## दलित हेडमास्टर को अपमानित करने व गाली देने पर एससी एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जलालपुर थानाक्षेत्र के अन्तर्गत विशुनपुर गांव निवासी दिलीप कुमार पुत्र कन्हैयालाल ने जलालपुर थाने पर प्रार्थना–पत्र दिया कि मैं सिरकोनी ब्लॉक के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय सुरहूरपुर में प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात हूं । मैं शासनादेश के योजना के तहत परिवार सर्वेक्षण हेतु 4 मई को सुरहूरपुर गांव में प्रत्येक दरवाजे पर जाकर सर्वेक्षण कर रहा था । कार्य में मशगूल होने के दौरान समय लगभग 4:30 बजे दिन में मैं रामजनम उर्फ जमुना सिंह पुत्र स्व. अवध नारायण सिंह जो सवर्ण जाति के हैं के घर पहुंचा ही था कि रामजनम उर्फ जमुना सिंह को अपने सर्वे के बारे में बताया । इतने में रामजनम उर्फ जमुना सिंह ने कहा कि तुम इसके पहले भी मेरे घर पर सर्वे करने के लिए आये थे और दलित होकर मेरे गिलास में पानी पी लिया था और मैंने कहा कि मैंने पानी नहीं मांगा था , पानी आपने दिया था तो मैंने पानी पी लिया था । ये तो पुरानी बाते हैं और मुझे सर्वे करने दीजिए । इतने में उन्होंने कहा कि तुम दलित होकर के बहस कर रहे हो । यहां से भाग जाओ नहीं तो बीस जूते मारुंगा तथा एक भी सर्वे करने नहीं दूंगा और मुझे एक भी सर्वे करने नहीं दिये और वहां से भगा दिये । मां–बहन को गालियां दिये व सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाये और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किये । कहा कि कहीं शिकायत किये तो जान से मार डालूंगा । पुलिस तहरीर के आधार पर रामजनम उर्फ जमुना सिंह के खिलाफ एससीध्एसटी एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

# गुप्तार घाट एवं सूर्य कुंड पर शुल्क लगाने पर अयोध्या प्रशासन पर भड़की हिन्दू महासभा

अयोध्या (डीकेयू लाइव) ब्यूरो सुरेंद्र कुमार।। अखिल भारत हिन्दू महासभा ने अयोध्या के गुप्तार घाट एवं सूर्य कुंड में श्रद्धालुओं के प्रवेश पर अयोध्या प्रशासन द्वारा शुल्क लगाए जाने की कड़ी आलोचना की है । हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने आज जारी बयान में कहा कि हिन्दू महासभा प्रवेश शुल्क तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग करती है। प्रदेश मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने बताया कि गुप्तार घाट पर अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा दो घंटे के लिए दस रुपए प्रवेश शुल्क रखा गया है , जो अनुचित है । धर्म स्थल को पर्यटन स्थल बनाने के षड्यंत्र के अंतर्गत यह शुल्क लगाया गया है , जिसे हिन्दू महासभा किसी भी कीमत पर सहन नही करेगी । उन्होंने कहा कि धर्मस्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना एक गलत परम्परा है , जिसका हर स्तर पर हिन्दू महासभा व्यापक विरोध करेगी । अधिवक्ता मिश्र ने जारी बयान में कहा कि गुप्तार घाट को पुनः श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क घोषित किया जाना चाहिए ।




उन्होंने कहा कि शुल्क लगाने से श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है । यदि अयोध्या विकास प्राधिकरण दस रुपए के शुल्क को वापस लेने की घोषणा नहीं करती तो हिन्दू महासभा अपनी मांग के समर्थन में अयोध्या विकास प्राधिकरण के विरुद्ध प्रचंड आंदोलन आरंभ करेगी । मांग के समर्थन में हिन्दू महासभा शीघ्र ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन प्रेषित कर अपनी आवाज बुलंद करेगी ।

# नगर निगम के निरंकुश प्रवर्तन दल अधिकारियों ने किया पत्रकार का मोबाइल छीनने की कोशिश

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार। पालीथीन के नाम पर वर्षो से स्थानीय छोटे दुकानदारों का शोषण करते हुए उनके साथ अभद्रता करने वाले नगर निगम के प्रवर्तन दल के कारिंदों का बड़ा कारनामा सामने आया है। प्रवर्तन दल के बेअन्दाज बेलागम निरंकुश आधिकरियो ने मंगलवार को नाका मंडी पर दुकानदार के साथ अभद्रता की खबर कवर करने वाले पत्रकार के साथ सिर्फ अभद्रता ही नही की बल्कि वीडियो न बन सके इसलिए पत्रकार की मोबाइल भी छीनने की कोशिश की जिसका वायरल विडियो सोसल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रवर्तन दल के निरंकुश अधिकारियों ने वीडियो बनाने पर पत्रकार के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करवाने की धमकी दिया है। बात दे कि नगर निगम का प्रवर्तन दल अपने गठन के बाद से ही अपने कारनामो के लिए कुख्यात हो चुका है। वैसे नगर निगम की ओर से इनका मूल कार्य शहर में सड़कों के किनारे हो रहे अतिक्रमण को हटवाने का था लेकिन इन्होंने उसे भूलकर सिर्फ ठेला खोमचा लगाकर सब्जी फल खाने पीने की चीज बेचने वालों को अपना कोप भाजन बनाना शुरू कर दिया। धर्म नगरी अयोध्या से लेकर सिटी अयोध्या में अक्सर इनके बेअंदाजी का कारनामा सुनने को मिलता रहता है। मंगलवार को भी जब यह टीम नाका मंडी पहुंची तो दुकानदारो को पालीथिन उपयोग करने के नाम पर अभद्रता डराना धमकाना शुरू किया तो लोगो ने विरोध किया। मामला बढ़ता देख कुछ लोगो ने इसकी सूचना पत्रकारो को दी। स्थानीय एक पत्रकार ने तुरंत मौके पर पहुंच कर घटना की वीडियो बनाना शुरू किया तो प्रवर्तन दल के लोग भड़क गए और वीडियो बनाने से रोकने लगे और मोबाइल छिनने लगे। पत्रकार ने उक्त मामले की शिकायत महापौर व नगर आयुक्त से की है। प्रवर्तन दल के लोगो अपनी हरकतों के चलते नए महापौर की छवि को अभी से खराब करने में जुट गए है। अगर उनकी हरकतों पर अंकुश न लगा तो इससे निगम की छवि को गहरा नुकसान पहुंचेगा।

# फर्राटे भरते हुए दिखाई दे रहे हैं बिना फिटनेस व डग्गामार प्राइवेट व तीन पहिया वाहन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शहर में इस समय डग्गामार व बिना फिटनेस के दर्जनों वाहन बेरोकटोक फर्राटे भरते हुए दिखाई देते हुए नजर आ रहे है।जिसके चलते आये दिन कोई न कोई यात्री सड़क हादसे का शिकार हो रहा है।परंतु इस गंभीर समस्या पर आरटीओ व यातायात पुलिस कर्मी चुप्पी साधे हुए है।मालूम हो कि शहर के सभी रुटो पर संचालित खासकर विक्रम, टाटा मैजिक, निजी बस बिना फिटनेस के संचालित होते हुए देखे जा सकते हैं। अगर देखा जाए तो इस महीने में लगभग एक दर्जन से अधिक लोग सड़क हादसे का शिकार हुए हैं।जिसमें कई यात्री असामयिक सड़क हादसे का शिकार हुए। डग्गामार वाहन इस समय रोडवेज बस स्टेशन के समीप से पुलिस की सह पर संचालित हो रहे है। जबकि इसी के समीप सिविल लाइन पुलिस चौकी, एसपी सिटी का आवास भी है।इसके अलावा शहर के विभिन्न रुटो पर बिना फिटनेस के वाहन आते हुए दिखाई दे रहे है।मालूम इससे पहले कई स्कूली बच्चे ई–रिक्शा से गिरकर चोटिल हो गए हैं।जिसे गंभीरता से देखते हुए पूर्व सीओ सिटी अरविंद चौरसिया ने ई–रिक्शा के खिड़की की जाली लगाने का फरमान जारी किया था।परंतु धीरे धीरे यह जाली भी समाप्त हो गया है।शहर के रिकाबगंज, चौक, सिविल लाइन,नाका, साहबगंज, रोडवेज स्टेशन, देवकाली, देवकाली बाईपास,नयाघाट सहित कई चौराहों पर इस तरह के स्कूली व यात्री वाहन बेरोकटोक संचालित हो रहे है। जिसके चलते आये दिन यात्री सड़क हादसे का शिकार हो रहे है।इस संबंध में यातायात निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला ने बताया कि यह मामला काफी गंभीर है।यातायात पुलिस शीघ्र ही सभी ई–रिक्शा व टैम्पो चालकों को यातायात पुलिस कर्मियों के माध्यम से सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करायेंगे।जो भी इसका पालन करते हुये नहीं पाया गया तो यातायात पुलिस ई–रिक्शा व टैम्पो चालकों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करेगी।

# किसान उर्वरक डाल रहे धुआंधार : नाइट्रोजन की ओवरडोज से 15 जिलों की मिट्टी हो रही बेकार

लखनऊ ब्यूरो : फसल बेहतर लेने की चाह में किसान नादानी कर रहे हैं। प्रदेश भर में रासायनिक उर्वरकों का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रदेश के 15 जिले ऐसे हैं जहां नाइट्रोजन की ओवरडोज आने वाले समय में संकट खड़ा कर सकती है। मिट्टी और मानव दोनों के लिए ही यह अधिकता हानिकारक है। कृषि विभाग ने इन जिलों में सर्वे करते हुए रिपोर्ट शासन को भेजी है। कहा गया है किसानों को इस बाबत जागरूक करना ही होगा ताकि भविष्य की मुसीबत को रोका जा सके। उत्तर प्रदेश में फसलों के रकबे और उपज दोनों में लगातार बढोतरी की कवायद चल रही है। हालांकि सरकार प्राकृतिक खेती के लिए लिए अभियान चला रही है पर किसान उपज ज्यादा लेने के लिए रासायनिक उर्वरकों पर ज्यादा ही भरोसा कर रहे हैं। इसका असर यह आ रहा है कि जमीन की उर्वरा शक्ति घट रही है। सूक्ष्म तत्वों की कमी तथा अन्य तत्वों का संतुलन गड़बड़ा रहा है। रासायनिक उर्वरकों को लेकर कृषि विभाग ने सभी जिलों में सर्वे कराते हुए रिपोर्ट तैयार की है। इसके लिए संयुक्त निदेशक उर्वरक डा. अमित पाठक ने इसके लिए कृषि विभाग के आला अधिकारियों के सामने इसका प्रजेंटेशन करते हुए रिपोर्ट पेश की है। चार फसलों पर फोकस, यह है मानक कृषि विभाग ने ज्यादा रकबे वाली मुख्यतः चार फसलों पर फोकस किया है। धान, गन्ना, आलू, और गेहूं की फसल पर खास तौर से नाइट्रोजन के स्तर की जांच की गई है। डा. पाठक के मुताबिक धान में नाइट्रोजन का स्तर 150, गन्ने में 180, आलू में भी 180 तथा गेहूं में 150 एन प्रति हेक्टेयर होना चाहिए। किसान इसकी पूर्ति के लिए एनपीके और विशुद्ध यूरिया का प्रयोग करते हैं। सर्वे में सामने आया है कि 15 जिलों में मानक से ज्यादा नाइट्रोजन का प्रयोग किया जा रहा है। इनमें 7 जिले शामली, संभल, फर्रुखाबाद, हापुड़, कन्नौज, प्रयागराज और मेरठ में तो यह आंकड़ा 200 के पार चला गया है। मानव स्वास्थ्य के लिए भी बेहद खतरनाक अहम बात यह है कि किसान चाहे उर्वरक का कितना भी प्रयोग करें पौधे इसमें से 30 फीसदी यूरिया का उपयोग करते हैं। फसल की मांग से अधिक उपयोग में लाया गया नाइट्रोजन वाष्पीकरण और रिसाव के जरिए बेकार चला जाता है। नाइट्रोजन का अत्यधिक उपयोग जलवायु परिवर्तन और भूजल प्रदूषण को बढ़ावा देता है। यूरिया जमीन में रिस जाता है तथा नाइट्रोजन से मिलकर नाईट्रासोमाईन बनाता है जिससे दूषित पानी को पीने से कैंसर, रेड ब्लड कणों का कम होना और रसौलियाँ बनना जैसी बीमारियां होती हैं। डा. पाठक बताते हैं कि चूंकि डीएपी खाद रॉक फास्फेट के रूप में आता है जिसका शोधन कर फास्फोरस प्राप्त किया जाता है। शोधन के दौरान इसमें हैवी तत्व जैसे कोवाल्ट, कैडमियम और यूरेनियम आदि रह जाते हैं जिनके प्रयोग से मिट्टी तथा पानी दूषित होता है। मिट्टी बेकार होने की स्थिति में पहुंच जाती है। मिट्टी की जांच कराएं मृदा परीक्षण के लिए प्रदेश में तहसील व विकासखंड स्तर पर उप संभाग में प्रयोगशालाएं बनाई गई हैं। उनमें 12 बिंदुओं की जांच कराई जा रही है जिनमें। नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, सल्फर, जिंक, बोरान आदि की मिट्टी की जांच कराई जाती है। किसानों को यह जांच कराकर देखना चाहिए है मिट्टी में किस तत्व की कमी है। उसी हिसाब से खेती में उर्वरक का प्रयोग करें। किसान इसमें कोताही बरतते हैं जिसका नुकसान उठाना पड़ता है। डा. पाठक के मुताबिक फसल बोने के 40 दिन बाद नैनो यूरिया का प्रयोग करें। यह कम लगता है और ज्यादा समय तक चलता है। अन्य फसलों का भी सर्वे करें : एपीसी कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कृषि विभाग को निर्देश दिए हैं कि वह अन्य फसलों का भी सर्वे कर लें। उसी आधार पर कार्ययोजना तैयार किसानों को जागरूक करें। बताया जाए कि उर्वरक की कमी नहीं है तो इसका अर्थ यह नहीं है कि मांग से ज्यादा इसका इस्तेमाल किया जाए। इससे भूमिं का नुकसान है।

# जेष्ठ माह के बड़े मंगलवार पर जिले में हजारों जगह रहा भंडारे का आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मंगलवार को जेष्ठ के मंगलवार के दिन शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक जगह जगह विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां पर सुबह से लेकर देर शाम हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने इस भंडारे पर जाकर प्रसाद ग्रहण किया।आखिरी मंगलवार होने के चलते इस दिन हनुमान जी के प्रति उमड़ी भीड़ की संख्या हजारों में रही।इस मौके पर राम नगरी में हजारों जगह विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था। अयोध्या में सरयू नदी के किनारे लता मंगेशकर चौक पर सांसद लल्लू सिंह ने विशाल भंडारे का आयोजन किया था। वही नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने भंडारे का आयोजन किया था।इसी कड़ी मे रीडगंज ओवर ब्रिज के नीचे सीता राम मंदिर की सौजन्य से अमित कुमार मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां पर सुबह से लेकर देर शाम तक हजारों की संख्या में उमड़े श्रद्धालु ने खिचड़ी, पूड़ी, हलवा,चना आदि प्रसाद के रुप में ग्रहण कर सुख की अनुभूति किया।इस मौके पर उनके अलावा मीनाक्षी त्रिपाठी,पिंकी यादव, गौरव श्रीवास्तव,रुबी,विपुल, कोमल,शिवांगी मिश्रा धीरेन्द्र,कोमल,शुभम सहित भंडारे का आयोजन करा रहे लोग उपस्थित रहे।इसी कड़ी में नाका, सरदार पटेल वार्ड, गुप्तारघाट, स्काउट भवन,मरी माता मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया था।वही जेष्ठ मास के चतुर्थ बड़े मंगलवार के अंतिम दिन मे अयोध्या जनपद मे विशाल भंडारे का आयोजन जगह–जगह पर किया जा रहा है। जिसमें अयोध्या मंडल के अपर निदेशक कोषागार एवं



पेंशन तथा कार्यालय अपर आयुक्त (वित्त) राजस्व परिषद के नीरज श्रीवास्तव तथा समस्त स्टाफ गणों के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजित हुआ ठेकेदार संघ अध्यक्ष रणविजय सिंह के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया।वही एफसीआई के सामने भंडारे ने मसौधा ब्लाक के पूर्व ब्लाक प्रमुख अक्षय प्रताप सिंह उर्फ लूरि, नाका के अवध यूनिवर्सिटी गेट नंबर दो संजीवनी हॉस्पिटल के बाहर समाजसेवी बलवीर सिंह नेतृत्व में किया गया। आर एस टेली सेल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य अतिथि एसपी चौधरी व दीपक सिंह के द्वारा हुआ। इस दौरान विनोद सिंह ने बताया आर एस में टेली सलूशन प्राइवेट लिमिटेड की और से विगत कई वर्षों से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।आज फल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर राहुल सिंह,धर्मेंद्र गोस्वामी,धर्मेंद्र सिंह, धीरेंद्र सिंह, गौरव श्रीवास्तव आज तमाम लोग मौजूद रहे।वही नाका चुंगी स्थित उज्जवल आईएस कोचिंग के डायरेक्टर अनिल शुक्ला के नेतृत्व हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंतिम बड़े मंगलवार पर भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में डायरेक्टर के पिता हरीश चंद्र शुक्ला ने बजरंगबली के प्रतिमा पर फूलमाला और आरती उतार कर भंडारे का शुभारंभ किया। इस मौके पर अनिल शुक्ला सुनील शुक्ला रितु मिश्रा सुरेंद्र शैलेंद्र शुक्ला, पूनम,बीना, आरती आदि लोग मौजूद है।

# पत्रकार से उलझने पर पुलिस कप्तान ने चौकी प्रभारी को निलंबित कर दिखाया पुलिस लाइन का रास्ता

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली बीकापुर क्षेत्र अंतर्गत मोतीगंज क्षेत्र के एक पत्रकार को प्रताड़ित करना तथा मारना पीटना मोतीगंज चौकी प्रभारी को महंगा पड़ा।शिकायत और जांच–पड़ताल के बाद मोतीगंज पुलिस चौकी में प्रभारी रहे विवादित उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह को पुलिस कप्तान मुनिराज जी ने निलंबित कर पुलिस लाइन का रास्ता दिखा।इसकी पुष्टि एसपी ग्रामीण द्वारा की गई है। मालूम हो कि कुछ दिन पहले मोतीगंज पुलिस चौकी क्षेत्र में अवैध खनन होने का भी मामला प्रकाश में आया था। अन्य कई शिकायतें भी हुई थी। जिसके चलते पुलिस विभाग की किरकिरी हो रही थी।बताया गया कि कोतवाली बीकापुर अन्तर्गत पुलिस चौकी मोंतीगंज में पिछले महीने 29 अप्रैल को एक दैनिक समाचार पत्र के प्रतिनिधि को एक मामले में पुलिस चौकी बुलाकर चौकी प्रभारी अश्वनी कुमार सिंह ने प्रताड़ित कर बुरी तरह मारा पीटा। यही नहीं उस पत्रकार को शांति भंग में चालान भी कर दिया।पीड़ित पत्रकार का आरोप रहा कि पुलिस चौकी प्रभारी ने पुलिस चौकी में सिपाहियों के द्वारा वीडियो भी बनवाया गया। इस मामले को लेकर पीड़ित पत्रकार द्वारा उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई गई। इसके बाद कुछ सहयोगी पत्रकारों के साथ न्याय की मांग और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर डीएम कार्यालय पर धरना भी दिया गया। धरने को समाप्त कराते हुए एसपी सिटी शैलेन्द्र सिंह ने जांच करके 15 दिन के भीतर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया यह भरोसा दिलाया था।

# अयोध्या शहर में वाटर सप्लाई सुचारू रूप से चालू हो एवं हाउस टैक्स वाटर टैक्स कम करने हेतु की गई मांग

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार। अयोध्या जिलाधिकारी के यहां आज व्यापार बंधु की मीटिंग में पेयजल सुचारू रूप से चालू हो एवं नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स एवं वॉटर टैक्स पिछले साल की अपेक्षा इस साल अत्यधिक बड़ा कर लिया जा रहा है व्यापार मंडल द्वारा मांग रखी गई। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा जिलाधिकारी को संबोधित मांग पत्र सी0डी0ओ0 अनीता यादव को सौंपा गया। ज्ञापन में राम पथ निर्माण के दौरान नागरिकों को बिजली एवं पेयजल के संकट का सामना करना पड़ रहा है कई दिनों तक पेयजल सप्लाई बाधित रहती है जिससे आम नागरिक बूंद बूंद पानी के लिए हलकान रहता है। एक अन्य मांग नगर निगम अयोध्या द्वारा हाउस टैक्स एवं वाटर टैक्स पिछले वर्ष की अपेक्षा कई गुना बढ़ा दिया गया है जबकि नगर निगम से कोई भी सुविधा नागरिकों को नहीं मिलती है। जिला अध्यक्ष कविंद्र साहनी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में उक्त समस्याओं से निजात दिलाने के लिए तत्काल कार्यवाही करने की मांग की गई। मांग पत्र देने वालों में जिला महामंत्री रमेश चौरसिया, युवा जिला अध्यक्ष मानव मेहरोत्रा, सचिव विजय गर्ग आदि लोग मौजूद थे।

# श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बना बड़ी भुय्यन माता मंदिर

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। 108 फीट ऊंची धर्मध्वजा की ख्याति प्राप्त राजधानी के आईआईएम रोड के सरौरा गांव स्थित बड़ी भुइयन माता मंदिर इन दिनों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बना हुआ है। अवसर है यहां चल रहे 11 दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ के आयोजन का। 25 मई से आरंभ हुए इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान में हर सुबह तपस्वी नागा साधु आनंद गिरि के सानिध्य, आचार्य शिवाकांत द्विवेदी के नेतृत्व में अन्य पुरोहितों द्वारा यहां पूरे विधिकृविधान से पूजनकृअर्चन के साथ हनुमान जी को 51 किलो लड्डू का भोग लगाया जाता है। यहां दोपहर तीन बजे से हवनकृपूजन आरंभ होता है जो शाम तक चलता है। जिसके बाद शाम को आचार्य शिवाकांत द्विवेदी द्वारा भागवत कथा का वाचन किया जाता है। शिवकृबारात का भव्य चित्रण सुन श्रद्धालु हुए भावकृविभोर इसी क्रम में मंगलवार को आचार्य शिवाकांत द्विवेदी ने माता सती की कहानी सुनाते हुए शिवकृपार्वती प्रसंग सुनाया। उन्होंने शिवकृबारात का भव्य चित्रण भी प्रस्तुत किया। आज की कथा में उन्होंने पुत्र प्राप्ति के लिए राजा दशरथ को गुरू वशिष्ठ द्वारा बताए यज्ञ की प्रेरणा से श्रंगी ऋषि द्वारा कराए गए यज्ञ की कथा सुनाई। उन्होंने आज की कथा में प्रभु श्रीराम, भरत,लक्ष्मण एवं शत्रुघन के जन्म, उनकी बाल लीलाओं, विश्वामित्र द्वारा श्रीराम, लक्ष्मण को अपने साथ वन ले जाना, वन में ताड़का का वध, सीता स्वयंवर का प्रसंग सुनाया।



इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। तपस्वी नागा साधु आनंद गिरि ने किया आह्वान वही माता सेवक तपस्वी नागा साधु आनंद गिरि ने बताया कि तीन जून तक प्रत्येक दिवस यहां प्रातः सात बजे पूजन, दोपहर तीन बजे हवन और भागवत कथा का आयोजन सायं सात बजे से होता है, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। उन्होंने बताया कि 4 जून को पूर्णाहुति व विशाल भंडारे के आयोजन के साथ इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान का समापन हो जाएगा। वहीं नागा साधु आनंद गिरि ने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि रोगकृदोष आदि से पीड़ित व्यक्ति यहां आएं और हवन में आहूतिं दें। बजरंगबली की कृपा से सब अच्छा होगा।

# किशोरी से दुष्कर्म करने वाले युवक को 12 साल की सजा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता किशोरी को अगवा करके उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने युवक को दोषी पाते हुए 12 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। युवक पर एक लाख रुपये जुर्माना भी हुआ है। जुर्माने की आधी धनराशि पीड़िता को देने का आदेश हुआ है। यह आदेश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम यशपाल की अदालत से गत दिवस दिया। घटना की विवेचना में लापरवाही बरतने के मामले को गंभीरता से लेते हुए कोर्ट ने विवेचक मनोज कुमार प्रजापति के खिलाफ कार्रवाई के लिए निर्णय की प्रति पुलिस महानिदेशक को भेजी है।सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडेय ने बताया कि घटना 26 फरवरी 2020 की रात करीब 11 बजे की है। पटरंगा क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को जमशेद बहला–फुसलाकर भगा ले गया था। उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। इसकी रिपोर्ट पीड़िता के पिता ने अपहरण की धारा में दिखाई थी। विवेचना के बाद मामले में दुष्कर्म की धारा की बढ़ोतरी करते हुए विवेचक में आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट में दोषी पाते हुए जमशेद सजा सुनाई।

# रामलला के मंदिर में होगी कुल 34 सीढ़ियां वृद्धों के लिए होंगी लिफ्ट

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या रामलला के गर्भ गृह के लिए कर्नाटक और राजस्थान के मूर्तिकार मूर्ति तैयार कर रहे हैं। कर्नाटक और राजस्थान के पत्थरो से रामलला की मूर्ति तैयार की जा रही है। अनुमानता दिसंबर तक साज सज्जा के साथ राम मंदिर का प्रथम तल तैयार हो जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मकर संक्रांति से प्रारंभ हो जाएगा। मंदिर के परकोटे के बाहर बनने वाले 7 अन्य मंदिरों पर भी चर्चा शुरू हो गई है। रामलला के मंदिर में कुल 34 सीढ़ियां होंगी और वृद्धों के जाने के लिए लिफ्ट की व्यवस्था होगी।

# अयोध्या भवन निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक संपन्न

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या भवन निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में निर्माणाधीन भगवान राम लला का मंदिर जन्मभूमि पथ रामलला की मूर्ति निर्माण प्रक्रिया का स्थलीय निरीक्षण किया गया, श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बयान दिया, भगवान रामलला के विराजमान होने के बाद द्वितीय तल का निर्माण होता रहेगा जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। निषादराज शबरी अहिल्या बाल्मीकि वशिष्ठ इनके मूर्ति निर्माण को लेकर भी मंथन किया गया, रामलला के मंदिर का भूतल तैयार होने के बाद प्राण प्रतिष्ठा होगी, दिसंबर तक भूतल निर्माण के बाद मंदिर को फाइनल टच दिया जाएगा, भगवान राम लला की 51इंच की मूर्ति प्रतिमा होगी, कर्नाटक के मैसूर से आए दो पत्थरों पर रामलला की मूर्ति बनाई जाएगी एक अन्य मूर्ति राजस्थान के मकराना मार्बल से बनायी जा रही है। मूर्तिकार अरुण योगीराज अपनी पसंद का पत्थर कर्नाटक से लेकर आए हैं अयोध्या, राम मंदिर में दो पत्थरों को आपस में जोड़ने के लिए तांबे की पत्ती का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसकी आयु 1000 वर्ष तक सुरक्षित रहेगी, भगवान रामलला के मंदिर में शालीन फसाद लाइट लगाई जाएगी, लाइटिंग से बढ़े मंदिर की गरिमा पर मंथन किया गया।

# अयोध्या राम नगरी में गंगा दशहरा पर सरयू में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी




अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। गंगा दशहरा पर मंगलवार को रामनगरी का पावन सरयू तट भक्तों से गुलजार रहा। बड़ी संख्या में भक्तों ने सरयू में डुबकी लगाई। शाम को महा आरती से सरयू के घाट रोशन हो गए। भव्य झांकी भी सजाई गई। दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। गंगा दशहरा को मां गंगा का अवतरण दिवस माना जाता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान दान की महत्ता है। इसी मान्यता के चलते सुबह से लेकर देर शाम तक स्नान, दान और पूजन का सिलसिला चलता रहा। देर शाम को मां सरयू की महाआरती से पूरा सरयू तट आलोकित हो उठा। भक्तों ने दीपदान भी किया। गंगा दशहरा पर इस बार भी श्री सरयू अवध बालक सेवा समिति के तत्वावधान में धूमधाम से सरयू महोत्सव का आयोजन किया गया। संयोजक कृष्ण कुमार मिश्र ने बताया कि सरयू माता की भव्य झांकी सजाकर उनकी आरती उतारी गई। इसके पहले मां सरयू का दूध से अभिषेक कर निशान पूजा भी की गई।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।